# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
# तिरहुत नहर प्रमंडल-२, बेतिया।

## " निविदा आमंत्रण सूचना–01 वर्ष 2018–19"

पत्रांक 704 . बेतिया, दिनांक 27/08/18

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 18.09.2018 से 24.09.2018 तक कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25.09.2018 को 3:00 अपराह्न तक।
4. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय : 25.09.2018 को 3:30 बजे अपराह्न में।
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियन्ता, तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया। 2. अधीक्षण अभियन्ता, तिरहुत नहर अंचल, बेतिया। 3. मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग, मोतिहारी।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 6 में वर्णित कार्यालयों में।
8. कार्य का विवरण

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि रू0 में | परिमाण विपत्र का मूल्य रू0 में | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंडक शिविर सं.-2 , बेतिया अवस्थित आवास सं B टाइप का अवशेष मरम्मति कार्य | 4.70 | 9400.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 2. | अंचलीय कार्यालय बेतिया का अवशेष मरम्मति कार्य | 1.00 | 2000.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 3. | गंडक शिविर सं.-2 , बेतिया अवस्थित **D 3** आवास का अवशेष मरम्मति, रंगरोगन, विधुतीकरण तथा वाटर सप्लाई कार्य। | 1.00 | 2000.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 4. | प्रमंडलीय कार्यालय अवस्थित प्राक्कलन शाखा का मरम्मति, रंगरोगन खिड़की दरवाजा - मरम्मति कार्य । | 0.90 | 1800.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 5. | गंडक शिविर सं.-2 , बेतिया अवस्थित आवास सं D -5 का अवशेष बाउन्ड्री वाल एवं गेट का मरम्मति कार्य। | 1.60 | 3200.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 6. | महावीरपुर उप वितरणी के वि. दू. 13.8 पर अवस्थित डेटम वाल का मरम्मति कार्य । | 2.00 | 4000.00 | 500.00 | 30 दिन |

निविदा के नियमों, शर्तों एवं विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट तथा परिमाण विपत्र के बिक्री के स्थान पर संपर्क किया जा सकता हैं। विशेष जानकारी के लिए बेवसाईट **www.prdbihar.gov.in** तथा **http:/tenders-bih-nic.in.** पर देखा जा सकता है।

27.8.18

कार्यपालक अभियन्ता,
तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया।

27/8/18

9. अन्य शर्तें :–

1. निविदा राशि एवं मात्रा में घटोतरी/बढ़ोतरी संभव हो सकती है। अतः परिमाण विपत्र के अनुरूप ही अग्रधन की राशि देय होगी।

2. निविदा के साथ वांछित अग्रधन के रूप में नियमानुसार अग्रधन की राशि अनुसूचित बैंक फिक्स डिपॉजिट का रसीद जो निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के छः माह बाद तक मान्य हो/अनुसूचित बैंक का डिमाण्ड ड्राफ्ट/डाकघर का बचत पासबुक एक/दो/तीन वर्षीय सावधि जमा /राज्य के अर्न्गत राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र/पॉच वर्षीय राष्ट्रीय विकास बाण्ड/ राज्य विकास ऋण प्रमाण–पत्र, कार्यपालक अभियन्ता, तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया के पदनाम से विधिवत् प्रतिज्ञित करा कर देना होगा। पूर्व प्रतिज्ञित की मान्यता नहीं दी जायेगी।

3. पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या 13589 **(S)**, पटना दिनांक 13.12.2011 के कंडिका (4) के उप कंडिका (च) में निहित प्रावधान के अनुसार रू0 2500000.00 (रू0 पच्चीस लाख) तक के कार्यों के निविदा में श्रेणी चार (4) में निबंधित संवेदक जिला प0 चम्पारण, बेतिया के ही निविदा में भाग लेने के योग्य होंगे।

4. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जाएगा) बैंक ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक (जो भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत हो) तथा कार्यपालक अभियन्ता, तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया के पदनाम से निर्गत तथा भारतीय स्टेंट बैंक बेतिया में भुगतेय ही मान्य होगा।

5. सशर्त्त निविदा अमान्य होगा।

6. सफल निविदादाता को **P.W.D** प्रपत्र **F2** (क्लॉज –23 विलोपित) पर एकरारनामा करना होगा।

7. निविदित कार्य को बिना कारण बताए एक या सभी निविदा को रद्द करने का अधिकार विभाग के सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित होगा।

8. निविदादाता से अनुरोध है कि निविदा डालने से पूर्व स्थल से भली–भांति अवगत हो लेगें।

9. (क) निविदा दो मुहरबंद लिफाफे(चपड़ा से सील्ड) में क्रमांक 01 एवं 02 जिसमें क्रमशः प्रीक्वालिफिकेशन बीड तथा प्राईस बीड रहेगा को समर्पित करना होगा। निविदा खोलने की तिथि को क्रमांक 06 में उल्लेखित सभी कार्यालयों में मात्र प्रीक्वालिफिकेशन वाले लिफाफे को ही खोला जायेगा। प्रीक्वालिफिकेशन करने वाले निविदाकारों के दूसरे लिफाफा जिसमें प्राईस बीड रहेगा को बाद में प्रीक्वालिफाईग बीड में सफल होने पर ही सक्षम पदाधिकारी द्वारा निविदाकारों को सूचित कर निर्धारित तिथि को खोला जायेगा। जो निविदाकार प्रीक्वालीफाई बीड में असफल होगें उनका प्राईस बीड जस का तस उन्हें लौटा दिया जायेगा।

   (ख.) लिफाफा संख्या–2 (वित्तीय बीड) में निविदादाताओं को परिमाण विपत्र के कार्य करने की दर प्रतिशत में अधिक/कम/अनुसूचित दर अंक एवं शब्दों में अंकित करना होगा। जो दशमलव के दो अंक तक मान्य होगा।

10. यदि किसी कारणवश निविदा प्राप्ति की तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित कर दिया जाता है तो निविदा प्राप्ति एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा।

11. निविदादाता के प्री क्वालीफिकेशन बीड के साथ निम्नलिखित दस्तावेज देना अनिवार्य है :–

   (क) निविदादाता का समुचित श्रेणी में निबंधित होने का प्रमाण–पत्र स्व अभिप्रमाणित।

   (ख) निर्गत परिमाण विपत्र में अंकित अग्रधन की राशि, बिहार सरकार, वित्त विभाग द्वारा अनुमान्य स्वरूप में।

   (ग) निम्न आशय का शपथ–पत्र **(Affidavit)** मूल में निविदा के प्रत्येक ग्रुप के साथ समर्पित करना होगा जो इस प्रकार है– **"I, the undersigned, do here by certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if it found fake / forged, the undersigned will be liable for infliction upon the FIR and lawful punishment as well as black listing."** प्रीक्वालिफिकेशन बीड में सफलता का निर्धारण उपरोक्त तीनों कागजातों के आधार पर ही होगा।

12. सरकार द्वारा निर्धारित 10 (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर अंकित करने पर निविदा अमान्य होगा।

13. समय–समय पर सरकार/उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत आदेश एकरारनामा का अभिन्न अंग होगा।

14. संवेदक को सभी कार्य विस्तृत परिमाण विपत्र में वर्णित शर्त्तों एवं स्वीकृत कार्य के अनुसार कार्य करना अनिवार्य है तथा जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निविदा से संबंधित सभी अद्यतन अनुदेश एवं शर्त्तें निविदा के लिए मान्य होगा।

15. संदेहास्पद कार्य करने वाले एवं जिनके विरूद्ध कालीकृत करने की कार्रवाई चल रही है, ऐसे संवेदकों की निविदा मान्य नहीं होगी।

16. 01 प्रतिशत सेस की राशि संवेदक के विपत्र से काटकर बिहार भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद में जमा किया जायेगा।

17. निविदा निविदादाताओं एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोला जायेगा।

18. संवेदक को किए गए कार्य का भुगतान तभी होगा जब उनके द्वारा व्यवहरित सामग्रियों के लिए प्रपत्र एम और एन संबंधित खनन पदाधिकारी से सत्यापित कर संवेदक द्वारा समर्पित किया गया हो।

19. तकनीकि बीड में सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

20. संवेदक का लिफाफे के उपर अपना दूरभाष संख्या तथा मोबाईल नं0 यथासंभव अंकित करना चाहिए ताकि निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना उन्हें ससमय दी जा सके।

21. समय समय पर विभाग द्वारा निर्गत अदयतन परिपत्र/दिशा निर्देश की सभी शर्ते लागु रहेगी ।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया।

पत्रांक 704. बेतिया, दिनांक 27/08/18

प्रतिलिपिः– जन सम्पर्क एवं सूचना पदाधिकारी, सिंचाई भवन, पटना को निविदा आमंत्रण सूचना की 10 (दस) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं प्रमुख दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ सम्प्रेषित।

अनु0ः– निविदा आमंत्रण सूचना पत्र 10 प्रतियों में।
(सी.डी. सहित)

कार्यपालक अभियन्ता,
तिरहुत नहर प्रमंडल–2, बेतिया।